भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 120
बुधवार, 29 जुलाई, 2026 (7 श्रावण 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

श्वेत क्रांति 2.0 का कार्यान्वयन

120 डा. कविता पाटीदारः

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने श्वेत क्रांति 2.0 के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(ख) इस पहल के अंतर्गत नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना और मौजूदा समितियों के सुदृढ़ीकरण कार्य में राज्य-वार क्या प्रगति हुई है;

(ग) क्या मंत्रालय ने इस पहल के अंतर्गत दुग्ध की खरीद और डेयरी अवसंरचना को बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या इस पहल हेतु राज्यों और कार्यान्वयन अभिकरणों को कोई वित्तीय सहायता जारी की गई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (च): सदन के पटल पर एक विवरणी रखी है ।

डा. कविता पाटीदार, माननीय संसद सदस्य द्वारा "श्वेत क्रांति 2.0 का कार्यान्वयन" के संबंध में पूछे गए दिनांक 29 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ राज्य सभा के तारांकित प्रश्न सं. 120 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ख): जी हाँ मान्यवर, श्वेत क्रांति 2.0 की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित मासिक राज्य समीक्षा बैठकों तथा त्रैमासिक राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलनों के दौरान की जाती है। इसके अतिरिक्त, श्वेत क्रांति 2.0 की प्रगति की समीक्षा पशुपालन एवं डेयरी विभाग (डीएएचडी) तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के समन्वय से आयोजित वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशालाओं में भी की जाती है।

इस पहल के अंतर्गत, सहकारिता मंत्रालय ने आच्छादित न किए गए पंचायतों/गांवों में 75,000 नई दुग्ध सहकारी समितियों (डीसीएस) के गठन तथा 46,422 विद्यमान दुग्ध सहकारी समितियों (डीसीएस) को सुदृढ़ करने की परिकल्पना की है। अब तक, 24,097 नई डीसीएस का गठन किया गया है और 31,394 मौजूदा डीसीएस को सशक्त किया गया है। इस पहल के अंतर्गत नई डीसीएस की स्थापना और मौजूदा समितियों के सशक्तीकरण में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति संलग्नक -1 के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ): जी हाँ मान्यवर, मंत्रालय ने नई डेयरी सहकारी समितियों के गठन और मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए पहल के अंतर्गत दुग्ध के प्रापण और डेयरी अवसंरचना को बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिसमें बल्क मिल्क कूलर, स्वचालित दुग्ध संग्रह इकाइयों, दुग्ध परीक्षण और गुणवत्ता उपस्कर, प्रसंस्करण और शीतलन अवसंरचना, और डेयरी सहकारी समितियों को कार्यशील पूंजी और तकनीकी सहायता के लिए वित्त पोषण सहायता शामिल है ।

(ड.) और (च): जी हाँ मान्यवर, डीएएचडी के संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के माध्यम से पहल के अंतर्गत राज्यों को वित्तीय सहायता जारी की गई है और इनका ब्यौरा संलग्नक -2 में दिया गया है।

*****

संलग्नक - 1

श्वेत क्रांति 2.0 के तहत नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना और मौजूदा समितियों को सशक्त करने में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार प्रगति

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	नई डीसीएस का गठन				डीसीएस का सशक्तीकरण			
		2024-25		2025-26		2024-25		2025-26	
		लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
1	आंध्र प्रदेश	3,091	896	1,012	182	211	5	1605	802
2	असम	135	422	900	276	18	0	55	338
3	बिहार	2320	2,222	3,000	1,875	610	260	2985	3,124
4	छत्तीसगढ़	500	245	700	105	45	0	180	205
5	गोवा	2	3	14	2	6	0	30	0
6	गुजरात	238	601	214	208	440	3,956	2098	721
7	हरियाणा	149	127	171	59	119	0	422	186
8	हिमाचल प्रदेश	90	429	70	414	19	148	57	57
9	जम्मू और कश्मीर	150	1,094	100	212	33	756	32	32
10	झारखंड	100	157	100	130	32	153	150	70
11	कर्नाटक	669	793	952	419	410	619	2117	1,569
12	केरल	34	0	28	0	83	379	158	578
13	मध्य प्रदेश	512	522	2,700	715	273	67	1038	1,646
14	महाराष्ट्र	133	735	913	316	419	0	985	244
15	मणिपुर	26	18	100	6	2	0	20	0
16	मेघालय	10	12	165	1	1	133	61	44
17	मिजोरम	15	2	43	0	1	0	3	0
18	नागालैंड	1	2	35	1	1	0	3	0
19	ओडिशा	1,209	0	3,500	1,006	114	209	342	314
20	पुड्डुचेरी	1	2	3	1	3	0	35	33
21	पंजाब	476	325	636	644	244	539	553	1,149
22	राजस्थान	1,300	1,602	2,500	1,443	470	817	600	1,838
23	सिक्किम	15	36	10	24	17	205	10	124
24	तमिलनाडु	227	512	323	359	297	3,426	97	2126
25	तेलंगाना	372	60	322	58	134	175	424	392
26	त्रिपुरा	15	1	45	0	3	0	12	33
27	उत्तर प्रदेश	1,666	1,760	2,101	2524	500	0	110	3742
28	उत्तराखंड	222	92	295	178	85	24	255	156
29	पश्चिम बंगाल	295	86	950	183	52	0	209	0
	कुल	**13,973**	**12,756**	**21,902**	**11,341**	**4,642**	**11,871**	**14,646**	**19,523**

संलग्नक - 2

वर्ष 2025-26 के दौरान एनपीडीडी के घटक "क" के तहत जारी राज्यवार वित्तीय सहायता का विवरण (15.07.2026 तक)

(लाख रुपये में)

क्रम सं.	राज्य	नई लक्षित डीसीएस	कुल स्वीकृत परिव्यय	केंद्रीय शेयर	जारी निधि
1	असम	600	1035.48	776.61	713.19
2	छत्तीसगढ़	700	1302.00	651.00	465.00
3	गोवा	5	9.30	4.65	0.00
4	गुजरात	201	331.68	165.84	82.92
5	हरियाणा	204	168.80	84.40	0.00
6	हिमाचल प्रदेश	70	130.20	97.65	69.69
7	जम्मू और कश्मीर	100	186.00	139.50	139.50
8	झारखंड	100	131.38	65.59	65.59
9	कर्नाटक	952	1704.46	852.23	852.23
10	केरल	22	40.92	20.46	3.23
11	मध्य प्रदेश	2700	3154.37	1577.18	1231.56
12	महाराष्ट्र	667	1240.62	620.31	310.15
13	मणिपुर	100	186.00	139.50	0.00
14	मेघालय	10	18.60	13.95	13.95
15	मिजोरम	10	18.60	13.95	6.98
16	नागालैंड	35	65.10	48.83	24.24
17	ओडिशा	1205	2241.30	1120.65	560.33
18	पांडिचेरी	3	5.58	4.19	2.10
19	पंजाब	408	664.93	332.47	289.20
20	राजस्थान	2500	4650.00	2325.00	1162.50
21	सिक्किम	12	10.45	7.84	7.84
22	तमिलनाडु	323	600.78	300.39	300.39
23	त्रिपुरा	45	76.77	57.57	57.57
24	उत्तराखंड	155	288.30	216.23	216.23
25	पश्चिम बंगाल	262	483.27	241.64	120.82
	कुल	**11,389**	**18,744.89**	**9,877.63**	**6,695.22**